पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
——————

राज्यपाल से मिलकर नववर्ष की बधाई दी

——————

लखनऊ : 1 जनवरी, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज राजभवन में बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्तियों एवं अधिकारियों ने भेंट कर नववर्ष की बधाइयों का आदान–प्रदान किया। इससे पूर्व राज्यपाल ने राजभवन के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से भेंट की तथा उन्हें व उनके परिजनों को नववर्ष की बधाई दी।

राज्यपाल ने बधाई देते हुए कहा कि बीते वर्ष ने बहुत कुछ सिखाया है। हमें स्वस्थ रहने के लिए अपनी जीवन शैली में प्रकृति से प्राप्त अमूल्य सम्पदा को शामिल करना होगा तथा उसको संरक्षित करना होगा। उन्होंने सभी लोगों को नववर्ष पर पानी, अन्न, ऊर्जा की बचत तथा स्वच्छता बनाये रखने व स्वच्छ पर्यावरण के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संकल्प दिलाया।

राज्यपाल से भेंट कर बधाई देने वालों में राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री मनोज कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री हितेश चन्द्र अवस्थी एवं एस0जी0पी0जी0आई0 के निदेशक प्रो0 राधा कृष्ण धीमान सहित अन्य गणमान्य नागरिक सम्मिलित थे।

——————

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (104/1)